

# इंदौर से सेंधवा हाइवे पर नर्मदा नदी पर एक और पुल का प्रस्ताव

- इंदौर से सेंधवा तक होगा राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ा
- चौड़ीकरण का डीपीआर कार्य तेजी से जारी
- फोर लेन को छह लेन में बदलने की तैयारी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** इंदौर-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग 52 को छह लेन चौड़ी करने के लिए एनएचएआई द्वारा डीपीआर बनाने का कार्य चल रहा है. इंदौर से सेंधवा महाराष्ट्र सीमा तक करीब 160 किलोमीटर लंबी सड़क को 4 लेन से 6 किया जाएगा. उक्त योजना में खास बात यह है कि नर्मदा नदी पर एक नया पुल निर्माण भी प्रस्तावित किया गया है. सड़क चौड़ीकरण होने के बाद लॉजिस्टिक और माल परिवहन क्षमता बढ़ने, यातायात का सुचारू संचलन और दूरी तय करने का समय कम होगा.

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इंदौर से सेंधवा महाराष्ट्र सीमा तक लगभग 160 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग-52 को 4-लेन से 6-लेन चौड़ा करने की योजना काम कर रहा है. योजना के लिए डीपीआर तैयार करने का कार्य चल रहा है। डीपीआर को अंतिम रूप दिए जाने के बाद निर्माण कार्य को विभिन्न चरणों में किया जाएगा. ध्यान रहे कि आगरा-मुंबई कॉरिडोर का इंदौर से सेंधवा तक उक्त सड़क अभिन्न हिस्सा है, जो उत्तर भारत को पश्चिमी एवं दक्षिणी भारत से जोड़ते हुए भारी मालवाहक यातायात का प्रमुख मार्ग है. इंदौर एवं मुंबई को आर्थिक एवं औद्योगिक क्षेत्र से जोड़ने वाली उक्त सड़क पर निरंतर यातायात दबाव बढ़ रहा है. एक अनुमान के अनुसार रोज लगभग 40 हजार वाहनों का आवागमन होता है. प्रस्तावित 6-लेन सड़क चौड़ीकरण से उक्त मार्ग पर समय बचत और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क बढ़ जाएगा.

**लॉजिस्टिक नेटवर्क मजबूत हो जाएगा**-वहीं एनएच-47 तथा प्रस्तावित इंदौर वेस्टर्न बायपास के साथ क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नेटवर्क मजबूत हो जाएगा. उक्त सड़क चौड़ीकरण का सबसे ज्यादा फायदा पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र को मिलेगा.

### सर्विस रोड निर्माण भी प्रस्तावित

चौड़ीकरण योजना में भेरू घाट, बाकानेर घाट एवं बिजासन घाटों का नए सिरे से विकास प्रस्तावित है. चौड़ीकरण में खलघाट नर्मदा नदी पर समानांतर पुल का निर्माण भी प्रस्तावित है. इससे मौजूदा यातायात का दबाव कम होगा. साथ ही चौड़ीकरण में शहरी एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बायपास एवं सर्विस रोड का निर्माण प्रस्तावित है. इसके अतिरिक्त प्रमुख जंक्शनों पर फ्लाईओवर, अंडरपास एवं सर्विस रोड बनाए जाएंगे. इससे हाईवे और स्थानीय यातायात अलग अलग हो जाएगा. जाम से मुक्ति मिलेगी.

# लॉरेंस विश्नोई गैंग का एक और गुर्गा गिरफ्तार

- बिल्डरों की रेकी कर भेजता था लोकेशन
- लोकेशन के साथ प्रॉपर्टी की जानकारी भी गैंग तक पहुंचा रहा था

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर के बिल्डरों को धमकाकर वसूली की कोशिश के मामले में क्राइम ब्रांच ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी बिल्डरों के घर, ऑफिस और उनकी मूवमेंट की रेकी कर जानकारी गैंग तक पहुंचाता था. इस मामले में पहले भी धमकी भरे कॉल और वॉट्सऐप मैसेज के जरिए रुपए मांगने और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी.**




डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एसआईटी ने उज्जैन के महीदपुर निवासी सचिन उर्फ वेद प्रकाश शर्मा को गिरफ्तार किया है. वह पहले पकड़े गए आरोपी राजपाल चंद्रावत (नागदा) को इंदौर के कारोबारी विवेक दम्मानी, चेतन सिंह पंवार और कुंवर सिंह भूरिया की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराता था. जांच में सामने आया कि राजपाल कसरावद जेल में बंद रहते हुए भी हैरी बॉक्सर से जुड़ा हुआ था. उससे पूछताछ में सोनू उर्फ रितेश खंगार का नाम सामने आया, जिसे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है. इसके बाद सचिन का इनपुट मिला, जिसे साइबर तकनीक और मुखबिर तंत्र की मदद से ट्रेस कर पकड़ लिया.

**आपस में कोड वर्ड में बातचीत करते थे आरोपी**-बातचीत में कोड वर्ड का इस्तेमाल किया जाता था, जिसमें 007 और एलबी (लॉरेंस बिश्नोई) जैसे संकेत मिले हैं. पुलिस ने इस मामले में अब तक सचिन उर्फ वेद प्रकाश शर्मा, राजपाल चंद्रावत और सोनू उर्फ रितेश खंगार को गिरफ्तार किया है. मामले में डीसीपी का कहना है कि इस पूरे नेटवर्क में देवास और इंदौर के कुछ अन्य लोगों की संलिप्तता की आशंका है. मामले में आगे की जांच जारी है और शहर में गैंग की संभावित साजिश के पहलुओं को खंगाला जा रहा है.

### सिग्नल ऐप के जरिए पहुंचाता था जानकारी

पुलिस के अनुसार, सचिन को महिदपुर से बुलाकर तीन दिन तक पूछताछ की गई. शुरुआत में वह जानकारी छिपाता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ में उसने कबूला कि उसने अवैध लाभ के लिए बिल्डरों की लोकेशन, घर ऑफिस और प्रॉपर्टी की रेकी कर यह जानकारी राजपाल को दी थी. यह जानकारी आगे सिग्नल ऐप के जरिए हैरी बॉक्सर तक पहुंचाई जाती थी. आरोपी के मोबाइल की जांच में कई संदिग्ध ग्रुप मिले हैं, जिनका कनेक्शन लॉरेंस गैंग से बताया जा रहा है.

# गवली पलासिया गोशाला के पास तेंदुए की दस्तक, ग्रामीणों में दहशत

- वन विभाग ने नाइट विजन कैमरे और पिंजरा लगाया

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. महू क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में तेंदुए की हलचल लगातार बढ़ती जा रही है. बड़गोंदा नर्सरी क्षेत्र में हाल ही में पांच गायों का शिकार करने के बाद अब गवली पलासिया की एक गोशाला के पास तेंदुए की मौजूदगी के संकेत मिले हैं. वन विभाग ने मौके पर पगमार्क मिलने के बाद इलाके में निगरानी बढ़ा दी है.**

गोशाला के आसपास तेंदुए के पदचिह्न मिले हैं, जिससे उसकी मौजूदगी की पुष्टि हुई है. यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि तेंदुआ अकेला है या परिवार के साथ इलाके में घूम रहा है. उसे ट्रेस करने के लिए गोशाला के आसपास नाइट विजन कैमरे लगाए गए हैं, हालांकि तीन दिन बाद भी वह कैमरों में कैद नहीं हो सका है. जानकारी के मुताबिक, यह गोशाला महू-मंडलेश्वर रोड पर स्थित है और निजी तौर पर संचालित है, जहां गुजरात और हरियाणा नस्ल की हाईब्रिड गायें पाली जाती हैं.

### जनवरी से अब तक 15 मवेशी बन चुके तेंदुए का शिकार

तेंदुए के मूवमेंट को देखते हुए वन विभाग ने यहां पिंजरा भी रखवाया है. सूत्रों के अनुसार,जनवरी से अब तक क्षेत्र में तेंदुए करीब 15 मवेशियों का शिकार कर चुके हैं. इससे ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है. सुरक्षा के मद्देनजर गोशाला परिसर में तार फेंसिंग भी करवाई गई है और आसपास के ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है.

# बेटमा में युवक की सिर कुचलकर हत्या

- नदी के पास फेंक दिया था शव, पुलिस जांच में जुटी
- 4 दिन में दूसरी हत्या ने पुलिस की चुनौती बढ़ाई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. बेटमा इलाके में 4 दिन में दो लोगों की हत्या की वारदातों ने पुलिस की चुनौती बढ़ा दी है. 6 मई की रात हुई एक कंपनी कर्मचारी की हत्या का खुलासा अभी हुआ भी नहीं था कि एक और युवक की हत्या कर दी गई. अब एक युवक की पत्थरों से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई. हत्यारे शव को चंबल नदी के किनारे फेंककर फरार हो गए.**

पुलिस अब आरोपियों का पता लगाने में जुटी हुई है. हत्या के लिए हथियारों के बजाय पत्थर का इस्तेमाल किया गया. इससे पुलिस कयास लगा रही है कि तात्कालिक विवाद के चलते युवक को मौत के घाट उतारा गया. पुलिस यह भी पता कर रही है कि युवक की किसी से पुरानी रंजिश तो नहीं थी. जानकारी अनुसार, बेटमा पुलिस को सूचना मिली थी कि बेटमा निवासी समीर पटेल घर से लापता हो गया है. इस बीच ग्रामीणों ने नदी किनारे पुल के नीचे एक शव देखा. वह समीर पटेल का शव था. शव के पास खून से सना पत्थर भी मिला, जिससे पता चला कि युवक की बेरहमी से हत्या की गई. समीर कारीगर था और टाइल्स लगाने का काम करता था. वह काम से घर लौटा था और रोज की तरह टहलने निकला था, लेकिन वापस घर नहीं लौटा. समीर के दो बच्चे हैं. आठ साल पहले उसकी शादी हुई थी. पुलिस को यह भी पता चला है कि उसके साथ एक युवक भी था. पुलिस उसकी तलाश कर रही है.

लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन के पास गंभीर हालत में मिला युवकलक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन के पास भी एक युवक घायल अवस्था में मिला है. उसके सिर पर चोट के निशान हैं और वह बेहोश था. फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है. पुलिस उसके होश में आने का इंतजार कर रही है, ताकि घटना की पूरी जानकारी मिल सके.

### 6 मई को हुई युवक की हत्या का सुराग नहीं

इधर, तीन दिन पूर्व ग्राम रावत निवासी 28 वर्षीय राहुल चंदनसिंह की हत्या का मामला भी अभी तक उलझा हुआ है. 6 तारीख (बुधवार) की रात वह कंपनी से घर लौट रहा था, तभी सिंधीपुरा स्थित कच्चे रास्ते पर भेरूबाबा मंदिर के पास अचेत अवस्था में मिला था. आशंका है कि लूट के इरादे से उस पर हमला किया गया. घटनास्थल पर सीसीटीवी नहीं होने से पुलिस अब कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के आधार पर जांच कर रही है, ताकि उस समय इलाके में सक्रिय मोबाइल नंबरों से सुराग मिल सके.

# नशे में झूमते हुए नगर निगम का ट्रैक्टर दौड़ा रहा था ड्राइवर

- पुलिस ने रोका तो डिवाइडर पर जाकर लेट गया
- नवलखा चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई, बड़ा हादसा टला

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. शहर के व्यस्त नवलखा चौराहे पर शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस ने नशे में धुत ट्रैक्टर चालक को पकड़कर संभावित बड़े हादसे को टाल दिया. चालक के साथ बैठे दो लोग भी शराब के नशे में थे. हालत इतनी खराब थी कि चालक ठीक से बैठ भी नहीं पा रहा था और ट्रैक्टर लहराते हुए चला रहा था.



पुलिस के अनुसार, अग्रसेन चौराहे की ओर से एक ट्रैक्टर अनियंत्रित तरीके से नवलखा चौराहे की ओर आता दिखा. मौके पर तैनात एएसआई अनिल चौहान और उनकी टीम ने तुरंत स्थिति भांपते हुए वाहन को रुकवाया. ट्रैक्टर रोकने के बाद चालक को नीचे उतारा गया, लेकिन वह खुद को संभाल नहीं पाया और डिवाइडर पर जाकर लेट गया. ट्रैफिक पुलिस ने तत्काल भंवरकुआं थाने को सूचना देकर चालक और ट्रैक्टर को कार्रवाई के लिए भेज दिया. समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो व्यस्त चौराहे पर गंभीर दुर्घटना हो सकती थी.

जांच के दौरान ट्रैक्टर के आगे लगी प्लेट पर इंदौर नगर निगम पालिका कार्य हेतु, आज्ञा से जोनल अधिकारी जोन-12 लिखा मिला. फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि ट्रैक्टर नगर निगम से संबद्ध है या नहीं. यदि ऐसा पाया जाता है तो यह लापरवाही और भी गंभीर मानी जाएगी. शनिवार को इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है.



# धोखाधड़ी : 19 व्यापारियों से साढ़े 6 करोड़ की शक्कर खरीदी, पेमेंट नहीं किया

- शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने एक को गिरफ्तार किया, एक की तलाश

**इंदौर. शहर के 19 व्यापारियों के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. मामले में क्राइम ब्रांच ने कायमी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, वहीं एक की तलाश की जा रही है. मामला शक्कर व्यापार से जुड़ा है. आरोपियों द्वारा शक्कर लेने के बाद उसका पैसा नहीं दिया जा रहा था.**

डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि व्यापारियों की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज किया है. इसमें तरुण जैसवानी को पकड़ लिया है, वहीं उसके एक साथी की तलाश की जा रही है. इस मामले में 19 फरियादी हैं, जो पिछले डेढ़ साल से परेशान थे. उन्होंने बताया कि आरोपी और फरियादियों के बीच शक्कर के लेन-देन का कामकाज था. इस व्यापार में आरोपियों ने व्यापारियों से लगातार शक्कर ली और उसका पेमेंट नहीं किया. आरोपी बार-बार उन्हें पेमेंट का भरोसा दिलाते रहे. इसमें उन्होंने एग्रीमेंट भी किया, मगर फरियादियों को पैसा नहीं लौटाया गया.

डीसीपी ने बताया कि इस मामले में शिकायत मिलने के बाद क्राइम ब्रांच ने आरोपी पक्ष को क्राइम ब्रांच बुलवाया गया अपना पक्ष रखने के लिए, लेकिन वे नहीं आए. इस पर क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज किया और आरोपी तरुण जैसवानी को गिरफ्तार कर लिया. इस मामले में एक और आरोपी की तलाश जारी है. बताया जा रहा है कि आरोपी चॉकलेट कारोबार से जुड़ा हुआ है. वह पहले छोटे-छोटे सौदे करता और पेमेंट कर भरोसा जीतता रहा. बाद में बड़ी मात्रा में शक्कर खरीदना शुरू किया और इसका पेमेंट भी नहीं किया.

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को 20 साल की सजा

- पॉक्सो कोर्ट का फैसला, 4 लाख मुआवजा देने की भी सिफारिश

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नाबालिग से शादी का झांसा देकर लंबे समय तक दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोर्ट ने कड़ी सजा सुनाई है. पंचम अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी मनीष अर्चवाल उम्र 21 साल को 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया है. साथ ही धारा 366 भादंवि में 5 वर्ष का अतिरिक्त कारावास भी दिया है. कोर्ट ने पीड़िता को 4 लाख रुपए मुआवजा देने की अनुशंसा भी की है.**

अभियोजन के अनुसार, मामला लसूड़िया थाना क्षेत्र का है. पीड़िता ने 13 मार्च 2023 को पिता के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी. उसने बताया कि आरोपी मनीष से उसकी पहचान पारिवारिक कार्यक्रमों के दौरान हुई थी. आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर बहलाया और 2018 में पहली बार अपने घर बुलाकर जबरदस्ती संबंध बनाए. शिकायत में बताया गया कि इसके बाद आरोपी लगातार शादी का भरोसा देकर अलग-अलग जगहों, होटलों में ले जाकर दुष्कर्म करता रहा. फरवरी 2023 में भी आरोपी ने शादी का झांसा देकर होटल में बुलाया, लेकिन बाद में शादी से इनकार कर दिया. पुलिस ने मामले में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था. जांच के दौरान मेडिकल परीक्षण और गवाहों के बयान दर्ज कर चालान कोर्ट में पेश किया था. मामले में विशेष लोक अभियोजक वर्षा पाठक ने पैरवी की. कोर्ट ने 10 गवाहों के साक्ष्य के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई.

# पेड़ पर चढ़कर पान दुकान में चोरी, चादर हटाकर घुसे बदमाश

इंदौर. कनाड़िया इलाके में चोरों ने अनोखे तरीके से पान दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों का सामान पार कर दिया. बदमाश पेड़ के सहारे ऊपर चढ़े और दुकान की चादर हटाकर अंदर घुसे. यहां से सिगरेट, पान मसाला, नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए.

बिचौली मर्दाना में रहने वाले 46 वर्षीय भवानी पिता उम्मेद सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया है. फरियादी ने बताया कि उनकी रजवाड़ी पान की ठड़ी नाम से दुकान है, जहां शुक्रवार को चोरी की वारदात हुई. मामले में थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि दुकान के पास स्थित पेड़ के सहारे चोर ऊपर पहुंचे और चादर हटाकर अंदर प्रवेश किया.


